**खबर संक्षेप**

## जूनियर बालक-बालिका कबड्डी चयन कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य की 24वी जूनियर राज्य स्तरीय बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता 22 से 24 नवंबर तक कबीर धाम जिला कवर्धा में आयोजित है। जिसके लिए महासमुंद जिला के जूनियर वर्ग के (बालक-बालिका) कबड्डी टीम का गठन चयन स्पर्धा के माध्यम से किया जाना है। चयन प्रतियोगिता 12 नवंबर मंगलवार को क्रिकेट मैदान पटेवा में सुबह 10 बजे से आयोजित है। इसमें खिलाड़ियों का वजन बालक वर्ग के लिए 70 किलो व बालिका वर्ग के लिए 65 किलो तय है। साथ ही खिलाड़ियों की जन्मतिथि 31 दिसंबर 2004 या उसके बाद की हो। अधिक जानकारी के लिए जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष पवन कुमार ध्रुव, सचिव ओपी जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष रमाकांत ध्रुव से संपर्क किया जा सकता है।

# स्काउट-गाइड के तृतीय सोपान जांच शिविर में ज्वाल कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा




भारत स्काउट-गाइड संघ पिथौरा द्वारा ग्राम सावित्रीपुर में आयोजित तृतीय सोपान जांच शिविर के ज्वाल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि बसना विधायक संपत अग्रवाल रहे। अध्यक्षता पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष सतपाल छाबड़ा, मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि द्वय सोनू छाबड़ा, सुमित अग्रवाल, जनपद सदस्य द्वय आरती छबीलाल रात्रे, पुरुषोत्तम घृतलहरे, विजयराज पटेल, सरपंच शिवकुमारी मलिनदास, संजय गोयल रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अग्रवाल ने कहा कि स्काउट-गाइड हमें हर परिस्थिति में आत्मनिर्भर बनने के गुण सिखाता है। अपनी दिनचर्या में समय का मैनेजमेंट कैसे करें, स्वयं हर कार्य समय में और सुव्यवस्थित करने में यह शिविर आप सबके लिए लाभकारी होने वाला है। उन्होंने ग्रामीणों की विभिन्न मांगों को स्वीकृति प्रदाय की। पूर्व प्रदेश मंत्री अग्रवाल ने कहा कि स्काउट गाइड का यह शिविर आपके आने वाले भविष्य की नींव है। निश्चित ही यहां से सीखी हुई चीजें आपको सफल बनाएंगी। विशिष्ठ अतिथि संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा कि आप सब इस जांच शिविर से सीख कर पिथौरा क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करेंगे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण विधायक प्रतिनिधि छबीलाल रात्रे एवं आभार प्रदर्शन प्रिंसिपल पी सिदार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, स्थानीय संघ उपाध्यक्ष नीलम गोयल, केतन बारीक, गोकुलनंद प्रधान, दुबराज बीसी, मालिन्दास मानिकपुरी, घासीराम मिरि, प्रदीप बारीक़, जय प्रकाश बारीक़ आदि मौजूद रहे।



## जागृति महिला मंच ने मनाया आंवला नवमीं का पर्व

**महासमुंद।** कर्मा जागृति महिला मंच ने संजय कानन में आवला नवमी का पर्व मनाया। आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंच की अध्यक्ष सती साहू, हेमलता साहू, सावित्री साहू, बिमला, अनिता, पद्मिनी, कल्याणी, पुष्पा गजपाल, फूलबासन, चंद्रकला, चंद्रिका साहू, सरोजिनी, मंजू, नंदिनी, सत्यभामा, खेमिन, ज्योति, गंगा साहू आदि मौजूद रहीं।



## सुनील सोनी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

**महासमुंद।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचानाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के चुनाव प्रचार गोपियापारा, पुरानी बस्ती, पटेलपारा में किया गया। इस दौरान प्रेम पटेल, राजेंद्र नायक संयोजक, लोचन पटेल संरक्षक, पवन पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष पटेल समाज आदि मौजूद रहे।



## उपचुनाव के लिए भाजपाइयों ने निकाली रैली

**महासमुंद।** रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी को विजयी बनाने के लिए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक डा. विमल चोपड़ा के नेतृत्व में सिविल लाइन शक्ति केन्द्र के बूथ क्र. 228, 229, 230, 231, 232 में जनसंपर्क रैली निकाली गई। देवीचंद राठी ने बताया कि इस दौरान भाजपा नेता मोहन साहू, पवन साहू, महेंद्र सिका, गोविंद ठाकुर, जितेंद्र साहू, राजू चंद्राकर, दिनेश रूपरेला, हनीष बग्गा, नईम खान, प्रवासी कार्यकर्ता बतौर बूथ का कार्य देख रहे है।

## बैंक मैनेजर की मनमानी, कार्रवाई की मांग

**महासमुंद।** लोन स्वीकृत नहीं किए जाने से परेशान व्यक्ति ने कलेक्टर को आवेदन देकर बैंक मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदक हीरेश कुमार साहू ने बताया कि रायपुर रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक बलराम दीवान से मोबाइल दुकान प्रारंभ करने के लिए 10 लाख रुपए का लोन प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया। 3 जुलाई 2024 को प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत 10 लाख का लोन स्वीकृति प्रदान की गई। तत्पश्चात 4 जुलाई से लेकर 15 जुलाई तक आवेदक द्वारा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें 35 प्रतिशत सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा प्राप्त होता है। तत्पश्चात बैंक शाखा प्रबंधक बलराम दीवान द्वारा 2 लाख रुपए सावधि जमा करने को कहा, जिसके अनुपालन में 17 अगस्त 2024 को सावधि जमा किया गया। शाखा प्रबंधक के निर्देश पर 20 अगस्त 2024 को 50000 रुपए मार्जिन मनी बैंक में जमा किया गया। किसके उपरांत आवेदक अनेक बार शाखा प्रबंधक से संपर्क कर ऋण भुगतान के लिए अनुरोध किया गया परंतु, आज तक ऋण स्वीकृति नहीं किए जाने से आवेदक को भारी आर्थिक क्षति हो रही है। आवेदक ने कलेक्टर से बैंक मैनेजर ऊपर कार्रवाई करने की मांग की है।

# होली फेथ स्कूल में हुई क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय द न्यू होली फेथ स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चेयरमैन महेंद्र जैन एवं विद्यालय प्राचार्या सरवरी पींचा के अभिनंदन से हुआ।

इस मौके पर महेंद्र ने प्रतिभागी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि क्विज प्रतियोगिता एक मूल्यवान उपकरण है, यह त्वरित प्रतिक्रिया, बढ़ी हुई स्मृति प्रतिधारण प्रदान करता है। यह लोकप्रिय मानसिक खेल है। इसका उद्देश्य व्यापक विशिष्ट समझ को बढ़ाता है। मजेदार सीखने की रणनीतियों को प्रोत्साहित करता है। संस्था प्राचार्या पींचा ने क्विज प्रतियोगिता के महत्व को स्पष्ट करते हुए अपनी अभिव्यक्ति में अवगत कराए कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रभावशाली शिक्षण है। बुद्धि कौशल की परख है। सामान्य ज्ञान की आकलन एवं तार्किक दृष्टिकोण, समझ का परीक्षण है। प्रतियोगिता सविता चंद्राकर के मार्गदर्शन में हुई। प्रतिस्पर्धा चार हाउस ब्लू, येलो, पिच एवं ग्रीन के मध्य हुई। येलो हाउस के प्रतिभाशाली छात्र समूह विजेता घोषित किए गए। क्विज कंपीटिशन विजेता छात्रों के नाम क्रमशः हेड गर्ल रूही महतो, हाउस मॉनिटर यास्मीन यादव, रजनीश घोड़ीचोर, धरा जैन, लक्ष्य चंद्राकर, रौनक पांडे। यह प्रतियोगिता नाइन राउंड, नाइन टॉपिक्स, छग करंट अफेयर्स, विज्ञान, संविधान, गणित, ओलंपिक 2024, इतिहास, भूगोल से संबंधित रहा। यह क्विज कंपीटिशन बहुत ही रोमांचक रहा। विजेता प्रतिभागियों को शाला प्रबंधन समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया।

# उपचुनाव में कांग्रेसियों ने किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



रायपुर दक्षिण विधानसभा से कांग्रेस के युवा प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद के सदस्यों ने जनसंपर्क कर वोट मांगा। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर के प्रभार क्षेत्र कुशालपुर में शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष ढेलु निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, प्रभारी महामंत्री गुरमीत चावला, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, ममता चंद्राकर ने घर-घर जाकर कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा को जिताने मतदाताओं से अपील की।

# दीपावली मिलन एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए विधायक डॉ संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना




पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ ब्लॉक ईकाई बसना के तत्वावधान में दीपावली मिलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन विधायक डॉ संपत अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ।कार्यक्रम का संचालन डॉ विवेक दास शिक्षक और आभार प्रदर्शन आरके दास प्रदेश सह सचिव एवं अभय धृतलहरे जिला महासचिव पत्रकार कल्याण महासंघ ने किया।

इस अवसर पर महंत लखनमुनि साहेब कबीर आश्रम तरेकेला, महंत रामप्रसाद साहेब गोरखपुर, रमेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा, विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, अरविंद मिश्रा विधायक प्रतिनिधि, सोनू छाबड़ा विधायक प्रतिनिधि, डॉ गजानन अग्रवाल, नवीन साव मीडिया प्रभारी भाजपा, आरके दास प्रदेश सहसचिव, उत्तर कौशिक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रकाश सिन्हा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, गेंद दास मानिकपुरी जिलाध्यक्ष, देवेंद्र काले जिला उपाध्यक्ष, जीवन ध्रुव, कुंजराम रात्रे, सोहेल अकरम ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद, लोचन चौहान ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा, देशराज दास ब्लॉक अध्यक्ष बसना, अरूण साहू ब्लॉक उपाध्यक्ष, कुसुम यादव बागबाहरा, अशोक प्रधान, देव प्रधान, दासरथी चौहान सहित नगरीय निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण से अवगत हुए छात्र व ग्रामीण

**धमतरी।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन एवं केएल चरयाणी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के निर्देशन में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी द्वारा रासेयो ग्राम भानपुरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के सचिव ने छात्र-छात्राओं एवं ग्राम भानपुरी के ग्रामीणों को विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मौके पर प्रो. डीगेश्वर पटेल, अंकित बोधवानी, तरूण बनर्जी, विधि महाविद्यालय धमतरी के प्रो. दुर्गेश प्रसाद समेत छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# आंवला पेड़ की पूजा अर्चना कर भोग प्रसाद का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी



बिरकोनी में आंवला नवमीं का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

इसी तरह ग्राम साराडीह में विभिन्न स्थानों में महिलाओं ने आंवले की वृक्ष की पूजा अर्चना के साथ दूध, जल, अक्षत, सिंदूर व चंदन अर्पित कर मौली बांधा और भगवान विष्णु के मंत्र का जाप किया। गीत व रोली गाकर उत्साहवर्धन किया। पिकनिक जैसा माहौल रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु को आंवला अति प्रिय था। इसलिए आंवला पेड़ के नीचे भोजन करने से अति प्रसन्न होते है। ऐसे पर्व से समुदायिक सद्भावना और भाईचारे के गुणों के विकास होता है।

## जोगीराम साहू का निधन

**महासमुंद।** शहर के समीपस्थ ग्राम



लाफिनखुर्द निवासी जोगी राम साहू (68) का निधन रविवार को हो गया। इनका अंतिम संस्कार लाफिनखुर्द में किया गया। वे सुमीता साहू के पति, पत्रिका रिपोर्टर विक्रम साहू व रोहित साहू के पिता थे। निधन पर प्रेस क्लब परिवार ने शोक व्यक्त किया है।




# मनवा कुर्मी समाज का दीपावली मिलन के साथ आंवला पूजन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज महासमुंद के महिला विंग द्वारा डॉक्टर खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन दलदली रोड महासमुंद में 10 नवंबर रविवार को आंवला नवमी पूजा के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए कृष्ण के वेश में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी की गई। इसमें मोक्षिता वर्मा, निकुंज वर्मा, अडिक वर्मा, विकर्णव वर्मा को पुरस्कार दिया गया। महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता में करिश्मा वर्मा प्रथम रही। महिलाओं द्वारा आंवला पूजा के पश्चात भजन कीर्तन एवं आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष पानू वर्मा, कमला वर्मा, नंदकुमार वर्मा, चित्ररेखा कश्यप, सुमन बाघमार, मीना वर्मा, सरला वर्मा, यमुना वर्मा, पिंकी वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, अन्नपूर्णा वर्मा, सुनीता वर्मा, किरण वर्मा, अमृत वर्मा, कुसुम वर्मा, अनिता बाघमार वर्मा, सरिता वर्मा, केसरी वर्मा, रमा वर्मा, चंद्रकला वर्मा, शशिलता वर्मा, दिव्या वर्मा, ललित वर्मा मोनिका वर्मा, जानकी वर्मा, एकता वर्मा, पार्वती वर्मा, शकुंतला वर्मा, गुंजा वर्मा, कविता वर्मा, पायल वर्मा, बच्चों में अनिता वर्मा, चंचल वर्मा, अनु वर्मा, पूनम वर्मा, गीतेश्वरी वर्मा, हेमलता वर्मा, वंदना वर्मा, पुरुषों में प्रमुख रूप से रामदयाल वर्मा, भुवन वर्मा, भगवती प्रसाद वर्मा, राजेंद्र वर्मा, बलदाऊ प्रसाद, ललित वर्मा, शांतनु वर्मा, राजेंद्र वर्मा, मोती वर्मा, बीरु वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

